आकाशवाणी भोपाल

शाम के समाचार

दिनांक 29.10.2024   समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार...

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया 12 हजार 850 करोड़ रुपये की लागत वाली स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास ।
- प्रदेश को मिले कई नए अस्पताल, भोपाल के एम्स में शुरू हुई ड्रोन से चिकित्सा सुविधा पहुँचाने की सेवा।
- प्रदेश में दीपावली के अवसर पर रेहड़ी पटरी व्यवसायियों को मिली बाजार शुल्क से छूट।
- रन फॉर यूनिटी में भोपाल सहित तमाम शहरों में दौड़े लोग, राष्ट्रीय एकता की ली शपथ।

प्रधानमंत्री चिकित्सा सुविधा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में लगभग 12 हजार 850 करोड़ रुपये की लागत वाली स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने युविन पोर्टल के नए संस्करण का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज के विस्तार का भी शुभारंभ किया। इससे हर आय वर्ग के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री

इससे पहले श्री मोदी ने देश के 40 जगहों पर आयोजित रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए । श्री मोदी ने इन युवाओं से कहा कि आप जनता के सेवक हैं, शासक नहीं। गरीबों-पिछड़ों की सेवा कीजिए क्योंकि अगले 25 सालों में आप ही विकसित भारत बनाएंगे।

स्वास्थ्य सुविधाएं मप्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रदेश को एक साथ कई सौगातें दीं। उन्होंने मंदसौर, नीमच और सिवनी में तीन मेडिकल कॉलेज का वर्चुअली लोकार्पण किया। तीनों मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100-100 सीटें होंगी। उन्होंने प्रदेश के 81 लाख किसानों के खाते में राज्य सरकार की मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के 1 हजार 624 करोड़ रुपये की राशि वितरित की। उन्होंने प्रदेश के 512 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को वर्चुअली नियुक्ति पत्र भी सौंपे। प्रधानमंत्री ने एम्स भोपाल में आज कौटिल्य भवन नामक नए प्रशासनिक भवन के साथ साथ ड्रोन के जरिये दवाओं को जरूरत मंद मरीजों को पहुंचाने की सेवा का शुभारंभ किया. इस कार्यक्रम में भोपाल सांसद आलोक शर्मा और राज्य मंत्री कृष्णा गौर भी शामिल हुई.

उधर,मंदसौर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल मौजूद रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीमच में वीरेन्द्र कुमार सखलेचा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का लोकार्पण किया ।डॉ. यादव ने आयुर्वेदिक डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र 65 साल करने की घोषणा की। उन्होंने झालावाड-रामपुरा-नीमच सडक को फोरलेन करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि अगले 4 से 6 माह में एशिया से चीते गांधी सागर अभयारण्य में लाकर छोडे जाएंगे।

मुख्यमंत्री

बुधनी चुनाव

सीहोर जिले में बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम एवं मतगणना के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। बुधनी में नाम वापस लेने की अंतिम तिथि कल 30 अक्टूबर है । मतदान आगामी 13 नवंबर को होगा जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी।

नागरिक आपूर्ति निगम कार्यालय

नवगठित जिले पांढुर्ना, मऊगंज और मैहर में नागरिक आपूर्ति निगम के जिला कार्यालय खोले जायेंगे। इससे जिले के पात्र उपभोक्ताओं को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा सकेगा।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि निगम के अधिकारियों को गृह भाड़ा भत्ता भी अब राज्य शासन के अधिकारी-कर्मचारियों की तरह मिलेगा। इसी तरह, उपार्जन कार्य में सक्रिय योगदान के लिये एक माह के मूल वेतन के बराबर प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। इससे लगभग 800 अधिकारी-कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

छोटे व्यवसायी छूट

प्रदेश में दीपावली पर्व के अवसर पर रेहड़ी पटरी पर अस्थायी रूप से व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों को स्थानीय सामग्री विक्रय करने पर लगने वाले बाजारी कर और शुल्क से छूट प्रदान की गई है। यह आदेश आज से 11 नवम्बर देवउठनी ग्यारस तक प्रभावशील रहेगा।

इसी तरह,प्रदेश की ग्राम पंचायतों में रेहड़ी पटरी पर व्यवसाय, पथ पर विक्रय करने वाले, छोटे व्यवसायियों, ग्रामीण कारीगरों एवं गरीब महिलाओं द्वारा संचालित स्व-सहायता समूहों को दीपावली पर्व पर निर्मित सामग्री के विक्रय के लिये पंचायत क्षेत्रों में लाने तथा विक्रय करने पर बाजार शुल्क से छूट प्रदान की गई है।

रन फॉर यूनिटी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता, स्वास्थ्य और फिटनेस के संकल्प को दर्शाती "रन फॉर यूनिटी" की पहल अभूतपूर्व है। मुख्यमंत्री तात्या टोपे नगर स्टेडियम में आयोजित "रन

फॉर यूनिटी" कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने रन फॉर यूनिटी में शामिल युवाओं को झंडी दिखाकर रवाना किया।

खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम देश की एकता और अखंडता को कायम रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर है। "रन फॉर यूनिटी" के अंतर्गत प्रतिभागी टी.टी. नगर स्टेडियम से कमला नेहरू स्कूल, न्यू मार्केट, रोशनपुरा से होते हुए टी.टी. नगर स्टेडियम पहुंचे।

ग्वालियर में “रन फॉर यूनिटी” से पहले सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। मुरैना में इस दौड़ में सैकड़ों विद्यार्थी, समाजसेवी, खेल एवं युवक कल्याण विभाग, पुलिस बल, एनसीसी, स्काउट गाइड्स गणमान्य नागरिक तथा राजनैतिक दल के कार्यकर्ता शामिल हुए। बडवानी में लोकसभा सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान ने रैली को रवाना किया । अनूपपुर में कलेक्ट्रेट परिसर से सामतपुर तिराहा तक रन फार यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया। बैतूल में विधायक हेमन्त खण्डेलवाल मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित रहे ।

मौसम

प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से सीधी, सिंगरौली और अनूपपुर में हल्की बारिश हुई। कुछ जिलों में ऐसा ही मौसम आज भी बना हुआ है । सतना, मैहर समेत 11 जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है, जबकि भोपाल-इंदौर समेत राज्य के पश्चिमी हिस्से में धूप निकली है। वहीं, भोपाल, इंदौर-ग्वालियर समेत कई शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री से नीचे पहुंच गया है।

महालक्ष्मी मंदिर

रतलाम में महालक्ष्मी का मंदिर इस बार करीब पौने पांच करोड़ में सजाया गया है । यह देश का यह एकमात्र ऐसा मंदिर है जहाँ दीपावली पर आम लोगों से प्राप्त करोड़ों रुपए के साथ ही आभूषणों से सजावट की जाती है।

इस बार करीब 1 करोड़ 47 लाख रुपए के नोट और करीब 3 करोड़ से ज्यादा के सोने, चांदी के आभूषण हैं। देशी-विदेशी मुद्रा और आभूषणों के साथ माता के दर्शन के लिए लोग पंहुचने लगे हैं। बताया जाता है कि रियासत काल में माता के श्रृंगार के लिए आभूषण दिए जाते थे, जो दीपावली के बाद ही वापस लिए जाते थे। इसी परंपरा को आज भी निभाया जा रहा है।

समाचार संक्षेप में ...

- विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा कंपनी में कार्यरत कार्मिकों को सातवें वेतनमान में 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने के आदेश जारी कर दिए गये हैं।
- सीहोर जिले में चल रहे बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन के अंतर्गत अधिक से अधिक मतदान के लिए बुधनी में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।
- धार जिले के 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 2 लाख 80 हज़ार वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित होंगे।
- नर्मदापुरम जिले में आज धन्वंतरि जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले में इस वर्ष वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार थीम पर कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। और
- शिवपुरी जिले के आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज एक ट्रक के अचानक पलट जाने और उसमें आग लगने से ट्रक ड्राइवर और क्लीनर की मौत हो गई ।

------------------